श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) धौला कुआं, नई दिल्ली – 110021

SRI VENKATESWARA COLLEGE: DHAULA KUAN: NEW DELHI – 110 021

फाइल सं0 : रा.भा./श्री वेंकटेश्वर/2022/2423 दिंनाक : 23 दिसम्बर, 2022

कार्यालय आदेश

यह कार्यालय आदेश दिनांक 27 जुलाई, 2022 (बुधवार) को श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हुए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जारी किया जा रहा है। उक्त बैठक में जो निर्णय लिये गये थे, उनका अनुपालन संबंधित विभाग/अनुभाग/अधिकारी यथाशीघ्र सुनिश्चित करें :

क्रम सं0	निर्णय	अनुपालन का दायित्व
1	महाविद्यालय में राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 का अनुपालन करते हुए कार्यालय के सभी नामपट्ट, मुहरों, पत्रशीर्ष, लिफाफों, उत्तर पुस्तिकाओं, प्रपत्र/फॉर्मों आदि को द्विभाषी करने की व्यवस्था की जाए।	प्रशासनिक अधिकारी/अभीक्षक
2	प्रशासन और पुस्तकालय में प्रयुक्त कम्प्युटरों को द्विभाषी सॉफ्टवेयर से युक्त करने की व्यवस्था की जाए।	वरिष्ठ तकनीकी सहायक, सूचना संचार प्रौद्योगिकी
3	राजभाषा के प्रागामी प्रयोग से सम्बन्धित निर्धारित प्रारूप में जानकारी राजभाषा विभाग को प्रेषित किये जाने के लिए कार्यालय में जाँच बिन्दु निर्धारित किये जाएं व इस संदर्भ में अधिकारियों/कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए।	प्रशासनिक अधिकारी/ अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)
4	महाविद्यालय में गैर शैक्षिणिक कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण हेतु प्रति तिमाही में कार्यशाला का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।	संयोजक/सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
5	राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम 1976 के नियम 11 का अनुपालन सुनिश्चित करने के क्रम में एवं महाविद्यालय में भारत की राजभाषा नीति के समुचित कार्यान्वयन हेतु हिन्दी अनुवादक/हिन्दी अधिकारी का पद सृजन करने के लिए उपयुक्त प्राधिकरण को प्रस्ताव यथा शीघ्र प्रेषित किया जाए।	प्रशासनिक अधिकारी
6	महाविद्यालय में प्रत्येक स्थान पर यह सुनिश्चित किया जाए कि जहाँ भी हिन्दी और अंग्रेज़ी का प्रयोग एक साथ हो, वहाँ हिन्दी को प्राथमिकता के आधार पर ऊपर लिखा जाएं।	अभीक्षक

शीला रेड्डी

प्रधानाचार्य
Principal
श्री वेंकटेश्वर महाविद्यालय
Sri Venkateswara College
धौला कुआं, नई दिल्ली / Dhaula Kuan, New Delhi-21

जारी ....पृ. 2 ......

7	गैर शैक्षिणिक कर्मचारियों के हिन्दी ज्ञान के संदर्भ में सभी से निर्धारित उद्घोषणा प्रपत्र भरवाया जाए।	प्रशासनिक अधिकारी
8	राजभाषा के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु महाविद्यालय में अधिकारियों/ कर्मचारियों से सामग्री एकत्र करते हुए एक वार्षिक गृह पत्रिका का प्रकाशन किया जाए।	संयोजक/सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं प्रशासनिक अधिकारी
9	दैनंदिन प्रशासनिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली टिप्पणियों को संकलित करके अधिकारियों/कर्मचारियों को यथा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।	सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं प्रशासनिक अधिकारी
10	सेवा पंजी में हिन्दी में प्रविष्टियां यथा शीघ्र सुनिश्चित की जाएं।	प्रशासनिक अधिकारी एवं अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)
11	पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की हिन्दी में प्रकाशित पुस्तकों की खरीद को बढ़ाया जाए एवं यदि संभव हो तो हिन्दी में प्रकाशित पुस्तकों की खरीद के लिए एक निश्चित बजट निर्धारित किया जाए।	संयोजक, पुस्तकालय समिति एवं पुस्तकालयाध्यक्ष
12	जिन पाठ्यक्रमों में हिंदी व अंग्रेजी, दोनों में उत्तर लिखने का विकल्प हो, उनकी आंतरिक परीक्षाओ हेतु प्रश्न–पत्र **अनिवार्य रूप से** हिंदी और अंग्रेज़ी, दोंनो भाषाओं में तैयार किया जाए।	शिक्षक प्रभारी (सभी विभाग)

उपर्युक्त के संदर्भ में समस्त संबधित शिक्षकों/अधिकारियों एवं अनुभागों को यथोचित कार्रवाई यमयबद्ध रूप से करने का निर्देश दिया जाता है।

शैला रेड्डी

प्राचार्या

प्रधानाचार्य
Principal
श्री वेंकटेशवर महाविद्यालय
Sri Venkateswara College
धौला कुआं, नई दिल्ली / Dhaula Kuan, New Delhi-21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्तुत –

1. शिक्षक प्रभारी (सभी विभाग)
2. संयोजक, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
3. सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
4. संयोजक, पुस्तकालय समिति
5. पुस्तकालयाध्यक्ष
6. प्रशासनिक अधिकारी
7. अनुभाग अधिकारी (लेखा)
8. अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)
9. वरिष्ठ तकनीकी सहायक, सूचना संचार प्रौद्योगिकी
10. अभीक्षक
11. महाविद्यालय की वेबसाइट
12. समस्त संबंधित शिक्षक, अधिकारी , अनुभाग एवं फाइल